**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**18.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3848 का उत्तर**

**बहुप्रतीक्षित कृष्णानगर-करीमपुर-डोमकल रेल लाइन**

**3848. श्री अबू ताहेर खान:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या बहुप्रतीक्षित कृष्णानगर-करीमपुर-डोमकल रेल लाइन के कार्य के संबंध में सरकार की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करना भारतीय रेल की सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। रेल अवसंरचना परियोजनाओं को लाभप्रदता, यातायात अनुमानों, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक महत्वों आदि के आधार पर शुरू किया जाता है जो चालू परियोजनाओं की दायिताओं, निधियों की समग्र उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मांगों पर निर्भर करता है।**

**कृष्णानगर और करीमपुर (80 कि.मी.) के बीच नई लाइन के सर्वेक्षण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।**

*********